बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रांची पहाड़ी मंदिर समिति का पुनर्गठन, राजेश कुमार साहू को फिर मिली जिम्मेदारी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के रांची में स्थित पहाड़ी मंदिर समिति का पुनर्गठन किया गया। झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर की नई समिति का गठन किया गया है। इस नई कमेटी में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष राजेश कुमार साहू को एक बार फिर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें आगामी पांच सालों के लिए समिति में अपना योगदान देने का अवसर दिया गया है। समिति के अध्यक्ष पद पर न्यायाधीश एस0 एन0 पाठक को नियुक्त किया गया है। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्यों में सांसद, विधायक, रांची उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सहित विजय पाठक को शामिल किया गया है। समिति के सदस्यों ने राजेश कुमार साहू को इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व और अनुभव से पहाड़ी मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को नई गति मिलेगी और यह ऐतिहासिक धरोहर और भी भव्य रूप में सामने आएगी।

### पलामू में सड़क हादसा, स्कॉर्पियो-बुलेट की टक्कर में युवक की मौत

**पलामू, एजेंसी।** झारखंड के पलामू जिले के मेदिनीनगर पंडवा औरंगाबाद एनएच 33 मुख्य मार्ग पर गाड़ीखास (बढ़का भिट्ठा) के पास शनिवार की सुबह करीब आठ बजे स्कॉर्पियो और बुलेट मोटरसाइकिल के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस घटना में एक वेकती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य दो व्यक्ति घायल हो गए। इस घटना में पलामू जिला के भाजपा नेता सह पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के करीबी ईश्वरी पांडेय के करीब 33 साल के बड़े बेटे आकाश कुमार पांडेय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस सीधी टक्कर में दुर्घटनाग्रस्त वाहनों का परखच्चे उड़ गए। इसकी सूचना मिलते ही पंडवा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही पंडवा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। पंडवा पुलिस ने आकाश पांडेय के अलावा दो अन्य घायलों को मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद आकाश कुमार पांडेय को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, आकाश पांडेय रेहला स्थित ग्रासिम में कार्यरत थे। मेदिनीनगर स्थित अपने आवास से ड्यूटी के लिए निकले थे। ड्यूटी जाने के दौरान वे जैसे ही गाड़ीखास (बढ़काभीठा) के पास पहुंचे। इसी बीच विपरीत दिशा औरंगाबाद की ओर तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो और उनके बुलेट मोटरसाइकिल के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस घटना की जानकारी पूरे क्षेत्र आग की लहर की तरह फैल गई और शोक की लहर दौड़ पड़ी। इसकी सूचना के बाद धीरे-धीरे मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच अस्पताल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### धनबाद होकर 29 को चलेगी साबरमती आसनसोल स्पेशल ट्रेन

**धनबाद, एजेंसी।** 29 अप्रैल को साबरमती से धनबाद होते हुए आसनसोल के लिए एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। 09435 साबरमती-आसनसोल, साबरमती से रात 11:55 बजे खुलकर 1 मई को दिन के 11:15 बजे धनबाद होती हुई दोपहर 2:30 बजे आसनसोल पहुंचेगी। वापसी में 09436 आसनसोल-साबरमती 1 मई की शाम 4:15 बजे आसनसोल से खुलकर शाम 5:50 बजे धनबाद और 3 मई की सुबह 7:15 बजे साबरमती पहुंचेगी।25 अप्रैल को यह स्पेशल ट्रेन भी चलेंगी 04249 डानकुनी-सुल्तानपुर व 01109 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस आसनसोल।रांची एलटीटी पारसनाथ में ठहराव गोमो होकर चलने वाली रांची लोकमान्य तिलक टर्मिनस रांची एक्सप्रेस का पारसनाथ स्टेशन पर ठहर होगा। रांची से खुलने वाली ट्रेन 29 अप्रैल से और एलटीटी से चलने वाली ट्रेन 1 मई से पारसनाथ स्टेशन पर 2 मिनट के लिए रुकेगी।

### फूड सेफ्टी नियमों में बड़ा बदलाव, 1।5 करोड़ तक के टर्नओवर पर व्यापारियों को साधारण निबंधन जरूरी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड चैंबर की फूड सेफ्टी उप समिति की बैठक शुक्रवार को चैंबर भवन में हुई। इस दौरान भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के नए और संशोधित नियमों पर विस्तार से चर्चा हुई। फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ। पवन कुमार ने बताया कि नए नियमों के अनुसार 1।5 करोड़ रुपए तक सालाना कारोबार करने वाले व्यापारियों को केवल साधारण निबंधन कराना होगा। वहीं 1।5 करोड़ से 50 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यवसायियों को स्टेट लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी।बैठक में व्यापारियों ने फूड सैंपल जांच प्रक्रिया पर भी चिंता जताई। उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि फूड सैंपल की रिपोर्ट आने में करीब तीन महीने लग जाते हैं और जांच के समय ही व्यापारी का नाम सार्वजनिक कर दिया जाता है, जिससे उनकी प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि रिपोर्ट आने तक पहचान गोपनीय रखी जाए और राज्य में आधुनिक लैब की व्यवस्था की जाए। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष राम बांगड़, सह सचिव नवजोत अलंग, कार्यकारिणी सदस्य मनीष सर्राफ समेत कई सदस्य मौजूद थे।

**खतरे में बच्चों की जिंदगी! 20 वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र का भवन अधूरा,**

# जर्जर स्कूल भवन में चलता है आंगनबाड़ी

**लातेहार, एजेंसी।** छोटे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने और उन्हें कुपोषण से बचाने तथा गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जाता है। अपने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों को सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस भी किया है। हालांकि सरकार की यह योजना लातेहार सदर प्रखंड के लुंदी गांव में धराशायी हो रही है।

कहने के लिए तो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है, परंतु भवन के अभाव में ना तो बच्चों को पूरी सुविधा मिल पा रही है और ना ही अन्य लाभुक ही बेहतर ढंग से लाभान्वित हो पा रहे हैं। वर्तमान समय में पुराने और जर्जर स्कूल भवन के बरामदे में आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं।

दरअसल लातेहार सदर प्रखंड का लुंदी गांव पूरी तरह आदिवासी बहुल गांव है। जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित तरवाडीह पंचायत में स्थित इस गांव में लगभग 25 वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इतने वर्ष बीत जाने के



बावजूद आज तक यहां एक आंगनबाड़ी की सुविधा संपन्न भवन नहीं बन पाया है।

वर्तमान समय में यहां के आंगनबाड़ी केंद्र में लगभग 40 से 50 मासूम बच्चों का नामांकन है। बच्चों को बैठने, खेलने और पढ़ने के लिए आंगनवाड़ी का अपना भवन नहीं है। मजबूरी में गांव के स्कूल के पुराने और जर्जर भवन के बरामदे में किसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। सरकारी स्तर पर लगभग 20 साल पहले यहां आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन बनाने का कार्य भी आरंभ हुआ था, परंतु वह योजना आधार में लटक गई।स्थानीय ग्रामीण सोन सहाय सिंह और ग्राम प्रधान मुनेश्वर सिंह आदि ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पहले यहां आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बनाने का कार्य आरंभ हुआ था। भवन की ढलाई आदि कार्य भी पूरा हो गया। परंतु बाद में भवन को अधूरा छोड़ दिया गया। उसके बाद कई बार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाई गई परंतु आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण का कार्य पूरा नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में संचालित प्राथमिक विद्यालय के भवन का एक भाग जर्जर हो गया था, इस कारण वहां स्कूली बच्चों की पढ़ाई नहीं कराई जा रही थी। क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भी गांव में कोई भवन नहीं था इसलिए मजबूरी में इसी जर्जर भवन के बरामदे में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में प्रखंड के उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद ने बताया कि यह बड़ी दुखद बात है कि छोटे बच्चों को सभी मौसम में बरामदे में बैठकर ही पढ़ना, खाना और खेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का खाना भी खुले में ही बनाया जाता है। इस मामले को लेकर अधिकारियों से भी संपर्क किया गया, परंतु ग्रामीणों को आश्वासन के सिवा और कुछ भी नहीं मिला।

वही इस संबंध में पूछने पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम ने बताया कि पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जब तक भवन पूर्ण नहीं हो जाता तब तक आंगनबाड़ी को किसी सुरक्षित स्थान पर संचालित करने की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास होगा कि गांव में जल्द ही आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बन जाए।

## कुडू में दर्दनाक सड़क हादसा, शराब लदी गाड़ी और स्कूटी में जोरदार टक्कर से मां-बेटे समेत तीन की मौत

**कुडू, एजेंसी।** झारखंड के लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाईवे कुडू-रांची मुख्य पथ पर ढुलुवाखुंटा के पास शराब लदा मालवाहक वाहन और स्कूटी के बीच आमने-सामने की टक्कर में मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह करीब 9 बजे की बतायी जा रही है। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, कुडू थाना क्षेत्र के रोन्हैया कोलसिमरी गांव निवासी विषुण भगताईन अपने पुत्र किशोर भगत और भतीजा निरंजन उरांव के साथ स्कूटी (जेएच01बीडी 0695) से मांडर अस्पताल जा रही थीं। उनके पति वहां भर्ती थे, जिन्हें देखने के लिए वे घर से निकली थीं। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार मालवाहक गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशोर भगत और निरंजन उरांव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल विषुण भगताईन को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि रांची से शराब लेकर मालवाहक वाहन (जेएच01एई 4495) पलामू की ओर जा रहा था। टक्कर के बाद वाहन सड़क पर पलट गया, जिससे नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। वाहन में शराब लदी होने की जानकारी मिलते ही कुछ लोग शराब लूटने के प्रयास में जुट गए। स्थिति को बिगड़ता देख थाना प्रभारी अजीत कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को खदेड़कर स्थिति को नियंत्रित किया।

## प्रिंसिपल ने नाबालिग छात्रा से की छेड़छाड़; गया जेल

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के पचम्बा थाना क्षेत्र स्थित नाइस पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल मो इमामुद्दीन पर एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ पिछले कई महीनों से यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ करने का संगीन आरोप लगा है। पीड़िता के परिजनों द्वारा पचम्बा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद स्थानीय क्षेत्र में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

**मार्कशीट देने के बहाने बुलाकर की बदसलूकी :** दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब पीड़िता अपनी मार्कशीट लेने के लिए स्कूल गई थी। मार्कशीट प्राप्त करने के बाद जब वह प्रिंसिपल के कार्यालय से बाहर निकल रही थी। तभी मो इमामुद्दीन ने उसे किसी बहाने से दोबारा अंदर बुलाया। आरोप है कि कमरे के भीतर ले जाकर आरोपी ने छात्रा का मुंह दबा दिया। उसके साथ अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ की कोशिश की।

जब छात्रा ने इसका कड़ा विरोध किया। शोर



मचाने का प्रयास किया, तो आरोपी प्रिंसिपल ने उसे डराया-धमकाया। स्कूल से नाम काटकर बाहर निकाल देने की धमकी दी। किसी तरह वहां से बचकर निकली छात्रा ने घर पहुंचकर अपनी मां को आपबीती सुनाई। उसने स्कूल जाने से साफ मना कर दिया।

**पूर्व में भी लगे हैं आरोप, भेजा गया जेल :** मामले की गंभीरता को देखते हुए वार्ड संख्या 6 के पार्षद संजीव कुमार और स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पार्षद ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि उक्त प्रिंसिपल की छवि पहले से ही संदिग्ध रही है। पूर्व में भी कई छात्राओं ने उनके आचरण पर सवाल उठाए थे।

## रांची में विकास योजनाओं की शुरुआत, महापौर ने आश्रयगृह, पुस्तकालय और वेंडिंग जोन का किया शिलान्यास

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर निगम ने एक और कदम बढ़ाया है। गुरुवार को महापौर रोशनी खलखो ने शहर के विभिन्न वार्डों में कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में आश्रयगृह, पाथवे, सड़क, पुस्तकालय और वेंडिंग जोन जैसे कार्य शामिल हैं, जो सीधे तौर पर आम लोगों की सुविधा से जुड़े हैं।

महापौर ने वार्ड संख्या 5 अंतर्गत बूटी मोड़ में आश्रयगृह निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा इसी वार्ड में पीएचईडी कॉलोनी स्थित मेड फर्स्ट अस्पताल के पास पाथवे और पीसीसी पथ निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गई। वहीं, वार्ड संख्या 4 के मोराबादी स्थित कुसुम विहार में (जी+2) पुस्तकालय निर्माण कार्य की शुरुआत की गई, जो छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगी।

इसके साथ ही वार्ड संख्या 2 में मोराबादी स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के समीप वेंडिंग जोन और बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का भी




शिलान्यास किया गया। इस परियोजना से फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित स्थान मिलेगा। जिससे उनकी आजीविका को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में स्वच्छता भी सुनिश्चित हो सकेगी।

इस अवसर पर महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि ये सभी योजनाएं शहर के जरूरतमंद लोगों की सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि आश्रयगृह बनने के बाद जरूरतमंदों को सुरक्षित ठिकाना मिलेगा। वहीं पाथवे और सड़क निर्माण से आम राहगीरों को आवाजाही में सहूलियत होगी। पुस्तकालय के निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को शांत वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा। महापौर ने यह भी कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के हर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना है। ताकि नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी योजनाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा।

## अविराम कॉलेज कुडू में मलेरिया दिवस पर चला जागरूकता अभियान




**लोहरदगा, एजेंसी।** झारखंड के लोहरदगा जिले में कुडू स्थित अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हस्स्पदाधिकारी कुंदन गिद्ध ने किया। इस दौरान कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव वाले स्थानों पर ब्लीचिंग पाउडर और चुने का छिड़काव कर साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ। प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा कि मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए नियमित साफ-सफाई, पानी का ठहराव रोकना और व्यक्तिगत सावधानियां बेहद जरूरी हैं। उन्होंने छात्रों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की।

कॉलेज के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती ने कहा कि मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए और घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर जागरूकता और सही उपचार से इस बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इस अभियान में कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ सहायक शिक्षक जंगबहादुर, पंकज, आफताब, पवन, ममता, चिनिबास, तबस्सुम, डॉ। शशि, डॉ। सुनीता, अमृत कुमार, आरती सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छता के महत्व को समझाना था।

## परफ्यूम की बोतल के कारण भड़की आग, 4 जिंदा जले:नीमराना के अवैध कबाड़ गोदाम में धमाके

**नीमराना , एजेंसी।** राजस्थान के नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़) में अवैध कबाड़ गोदाम में आग लगने से 4 लोग जिंदा जल गए। इसमें दो मासूम भी हैं। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से झुलसी है। दो लोगों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। सभी मृतक झारखंड के हैं। शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। डीएनए टेस्ट के जरिए शवों की पहचान होगी।

दावा किया जा रहा है कि हादसा परफ्यूम की बोतल से निकले केमिकल में आग लगने से हुआ। गोदाम में रखे केमिकल ड्रमों में भी ब्लास्ट हुए। घटना शुक्रवार शाम करीब 5 बजे की है।

पुलिस के अनुसार गोदाम कृषि भूमि पर बना हुआ है। जिसे कबाड़ का काम करने वाले करण सिंह पुत्र मामन सिंह कोलीला ने किराये पर ले रखा था। शुक्रवार शाम को मजदूर कबाड़ में मिली कुछ परफ्यूम की बोतलें तोड़ रहे थे।

इसमें से स्पिरिट जैसा ज्वलनशील केमिकल निकल रहा था। इसी दौरान वहां कबाड़ लोड करने आए एक पिकअप गाड़ी के ड्राइवर ने बीड़ी जलाकर जलती तीली फेंक दी। जिससे केमिकल ने आग पकड़ ली।

हादसे के वक्त करीब 7 महिला, पुरुष और उनके बच्चे मौजूद थे। कबाड़ में आग फैलते ही सब इधर-उधर भागने लगे। इनमें दो नाबालिग और एक महिला गोदाम के पिछले हिस्से में छुप गए। उस हिस्से में कबाड़ नहीं था। उन्होंने सोचा यहां लपटें नहीं पहुंचेंगी, लेकिन भीषण आग से टीनशेड के पिलर पिघलकर उन पर गिर



गए। नीचे प्लास्टिक वेस्ट धधकने लगा। इस कारण वो वहीं फंस गए।

गोदाम में रखे केमिकल से भरे ड्रमों में तेज धमाके होने लगे, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। धमाकों की आवाज से आसपास दहशत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि रुक-रुककर करीब 5 धमाके गोदाम के अंदर हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी अवैध गोदाम को लेकर प्रशासन से शिकायत की थी, लेकिन गोदाम बंद नहीं कराया गया।

## विश्व मलेरिया दिवस पर झरिया में मेगा सेमिनार और जागरूकता रैली का आयोजन

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड के धनबाद जिले में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया-सह-जोरापोखर की एनवीबीडीसीपी टीम द्वारा कई विद्यालयों में मेगा सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।



टीम द्वारा विद्यार्थियों को मलेरिया क्या है, यह कैसे फैलता है, इसके लक्षण क्या हैं और बचाव के क्या उपाय हैं, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। सेमिनार के अंत में बताए गए विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। सही जवाब देने वाले छह विद्यार्थियों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इधर विश्व मलेरिया दिवस पर चासनाला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया-सह-जोरापोखर के स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों और सहियाओं द्वारा शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। इस दौरान लोगों को मलेरिया से बचाव के बारे में बताया गया।

मौके पर डॉ। मिहिर कुमार, श्वेता कुमारी, डॉ। संजय कुमार, डॉ। दिलीप कुमार, बरुण कुमार, प्रयोगशाला प्रावैधिकी अवधेश कुमार, आमिर परवेज, तनवीर आलम, सुरेश, सहिया साथी यमुना महतो, बबलू रविदास सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गिरिडीह में अलग-अलग सड़क हादसों में 9 लोग घायल

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले में गुरुवार देर शाम से रात तक तीन अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 9 लोग घायल हो गए। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। 6 घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज सदर अस्पताल गिरिडीह में चल रहा है। तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पहली घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बेंगाबाद-छोटकी खरगडीहा मुख्य मार्ग पर ढाबा के पास हुई। यहां दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए।

घायलों में बिहार के चकाई थाना क्षेत्र के पिपराडीह निवासी सुमन सोरेन, छोटेलाल सोरेन और मैथुश सोरेन शामिल हैं। दूसरी बाइक पर धनबाद के रंगामाटी निवासी अजय कुमार ठाकुर और विजय कुमार ठाकुर सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं और सभी सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, पिपराडीह के तीनों



युवक एक ही बाइक पर बेंगाबाद बाजार से घर लौट रहे थे, जबकि दूसरी बाइक विपरीत दिशा से आ रही थी। संतुलन बिगड़ने से दोनों बाइकों की सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन युवकों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो अन्य युवकों को मामूली चोटें थीं और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

दूसरी घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में हुई, जहां स्कूटी सवार कुमार आरव बरमोरिया के पास अचानक अनियंत्रित होकर गिर गए। उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

तीसरी घटना पचंबा थाना क्षेत्र में एसबीआई बैंक के पास हुई। यहां एक पिकअप वैन और टोटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। इस हादसे में लोहपिट्टी निवासी प्रियंका देवी, ममता देवी और टोटो चालक रोहित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, टोटो पचंबा से सवारियों को लेकर लोहपिट्टी की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से डेकोरेशन का सामान लेकर आ रही पिकअप वैन ने टोटो को टक्कर मार दी। घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

